दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरूवार 08 जुलाई 2021
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

### डिजिटल इंडिया-जहां ज्ञान ही शक्ति है


मैं लगभग तीन दशक पूर्व, केरल के रमणीय ग्रामीण क्षेत्र में, पारंपरिक मत्स्य पालन क्षेत्र में काम कर रहा था। मछली के बाजार मूल्य का मात्र 20 प्राप्त करने वाले मछुआरों का मुनाफा बढ़ाने के लिए, हमने फाइबरग्लास क्राफ्ट और आउटबोर्ड मोटर जैसी नई तकनीक की शुरुआत की और यहां तक कि समुद्र तट स्तर की नीलामी भी शुरू की। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती जो बनी रही, वह थी भुगतान को सुव्यवस्थित करने के लिए मछुआरों के लिए बैंक खाते खोलना। उन दिनों, हमें वास्तविक बैंकों का पता लगाकर एक भी खाता धारक को पंजीकृत करने में कम से कम दस महीने लगते थे। 'अपने ग्राहक को जानिए', एक विदेशी अवधारणा थी। 2021 तक आते-आते, आप एक बैंक शाखा में जा सकते हैं और ई-केवाईसी और बायोमेट्रिक्स के माध्यम से कुछ ही समय में एक बैंक खाता खोल सकते हैं। महीनों से मिनटों तक प्रतीक्षा समय को कम करते हुए, डिजिटल परिवर्तन ने वास्तव में एक महत्वपूर्ण बदलाव को सक्षम बनाया है।

डिजिटल इंडिया के छह साल पूरे होने पर, प्रधानमंत्री जी ने इसे सही मायने में भारत का टेकेड बताया है। तकनीकी प्रगति और इंटरनेट की तीव्र पहुंच ने पूरे भारत में एक बिलियन से अधिक नागरिकों को एक सामान्य वित्तीय, आर्थिक और डिजिटल इकोसिस्टम में एकीकृत कर दिया है। सबसे सस्ती डाटा दर और 700 मिलियन के करीब इंटरनेट उपयोगकर्ता के साथ हर 3 सेकेंड में एक नया भारतीय उपयोगकर्ता इंटरनेट से जुड़ता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से सभी आवासीय गांवों के लिए आधिकारिक फाइबर कनेक्टिविटी के साथ 16 राज्यों में भारतनेट को कार्यान्वित करने की मंजूरी दी है। एक बिलियन से अधिक बायोमेट्रिक्स, एक बिलियन से अधिक मोबाइल और लगभग एक बिलियन बैंक खातों के साथ, हमने पूरी आबादी की मैपिंग करते हुए दुनिया में सबसे बड़ी पहचान प्रणाली का निर्माण किया है। अब तक, 1.29 बिलियन आधार आईडी बनाई गई है और 55.97 बिलियन का प्रमाणीकरण किया गया है। भारत के डिजिटलीकरण प्रयासों का मूल लक्ष्य सरकार और नागरिकों के बीच के फासले को कम करना रहा है।

एक भुगतान प्रणाली जो गुजरात के तट से लेकर उत्तर प्रदेश के खेतों और सिक्कि म के पहाड़ों में फैले लाखों भारतीयों को जोड़ती है, डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई को वैश्विक और आरोह्य योजना बनाने का जबरदस्त अवसर है। एक बड़े कॉर्पोरेट को सशक्त बनाने से लेकर सब्जी विक्रेता को सशक्त बनाने तक, त्वरित, रीयल टाइम मोबाइल भुगतान की सुविधा में भारत की शानदार सफलता की कहानी ने दुनिया को अचंभित कर दिया है। जून 2021 में, यूपीआई ने 5.47 ट्रिलियन रुपए मूल्य के 2.8 बिलियन लेनदेन दर्ज किए। यूपीआई का लेनदेन अब अमेरिकन एक्सप्रेस की विश्व स्तर पर लेनदेन की संख्या के दोगुने से अधिक है। हाल ही में, गूगल ने भारत में यूपीआई के सफल कार्यान्वयन की सराहना करते हुए, यूएस फेडरल रिजर्व को लिखा, और यूएसए के फेडरल रिजर्व प्रणाली को भारत से प्रेरणा लेने के लिए सुझाव दिया।

डिजिटल इंडिया परिदृश्य में एक उल्लेखनीय नवाचार जी2बी (सरकार द्वारा व्यापार को) सरकारी ई-बाजार का प्रारंभ रहा है। जीईएम पोर्टल ने सार्वजनिक खरीद परिदृश्य को बदलने के लिए प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक लाभ उठाया है। अब तक, पोर्टल ने 19.17 लाख विक्रेता पंजीकरण लक्ष्य को पार कर लिया है, जो पिछले वर्ष के विक्रेताओं की संख्या का लगभग 5 गुना है। झारखंड के जनजातीय लोगों के गहने, कश्मीर के सूखे मेवे, चेन्नई से नृत्य की शिक्षा, ओडिशा के वस्त्र- ई-कॉमर्स और इंटरनेट के संयोजन ने उत्पादों और व्यवसायों के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाया है। इंटरनेट लाखों भारतीयों के लिए अपने जुनून को आगे बढ़ाने और उसे कारोबार बनाने और विश्व स्तर पर ग्राहकों के साथ बातचीत करने के लिए सबसे बड़ा सहायक रहा है। -अमिताभ कांत

# थम्स अप ने ओलंपिक गेम्स में भारत के 100 वर्षों की भागीदारी का जश्न मनाया



**नई दिल्ली।** कोका-कोला कंपनी के होम-ग्रोन ब्राण्ड थम्स अप ने 23 जुलाई से टोक्यो में होने जा रहे ओलंपिक गेम्स के साथ अपनी वैश्विक भागीदारी की घोषणा की है। ओलंपिक गेम्स में भारत की भागीदारी का यह 100वां वर्ष होगा और थम्स अप का लक्ष्य ओलंपिक गेम्स के असली नायकों को सम्मान देना और सलाम करना है। ये वह एथलीट हैं जिन्होंने आज के अपने मुकाम पर पहुँचने के लिये बड़ी बाधाओं पर विजय प्राप्त की थी। थम्स अप, जोकि कोका-कोला बेवरेज पोर्टफोलियो का भारतीय ब्राण्ड है, ने आगे आकर ओलंपिक गेम्स जैसे एक प्रमुख वैश्विक आयोजन के साथ भागीदारी की है।

कोका-कोला कंपनी के पास विश्व के प्रमुख खेल आयोजनों, संस्थाओं और परियोजनाओं को प्रायोजित करने का लंबा इतिहास है। ओलंपिक गेम्स के साथ आठ दशकों की भागीदारी के कारण यह सबसे लंबे समय से ओलंपिक गेम्स की कॉर्पोरेट पार्टनर है। खेलों के साथ कंपनी की अन्य भागीदारियों में एफआईएफए के साथ चार दशकों और वर्ल्ड कप रग्बी के साथ लगभग 25 वर्षों की भागीदारी शामिल है। खेल आयोजनों के साथ यह लंबे समय की भागीदारियाँ अपने उपभोक्ताओं के जीवन तथा शौक का हिस्सा बनने का प्रयास करने की कंपनी की फिलोसॉफी पर जोर देती है।

इस भागीदारी की घोषणा करते हुए, कोका-कोला इंडिया एवं साउथवेस्ट एशिया के वाइस प्रेसिडेंट और मार्केटिंग हेड अर्नब रॉय ने कहा, ''ओलंपिक गेम्स एक वैश्विक आयोजन है, जिसे विभिन्न जेंडर्स, पीढ़ियों और संस्कृतियों के एक बिलियन से ज्यादा लोग साझा करते हैं। ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 के साथ हमारी रणनीतिक भागीदारी विश्व के प्रमुख खेल आयोजनों के साथ भागीदारी के हमारे लंबे इतिहास के अनुरूप है। यह न केवल खेल प्रेमियों को ताजगी देने और अपने उपभोक्ताओं के अनुभवों को समृद्ध बनाने की हमारी लंबे समय की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, बल्कि असली नायकों, यानि एथलीटों द्वारा दिखाये गये उल्लेखनीय साहस का समर्थन करने और उसे सलाम करने का हमारा तरीका भी है। हम भारत और पूरी दुनिया के खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हैं!'' एथलीटों और खेल की उत्कृष्टता के शिखर की ओर उनकी कठिन यात्रा के गुणगान में थम्स अप एक रचनात्मक और खोजपरक मार्केटिंग कैम्पेन चलाएगा। इसमें वीडियो कंटेन्ट की एक सीरीज और डिजिटल तथा सोशल मीडिया के लिये मार्केटिंग स्टोरीज होंगी, जो दर्शकों को रियल टाइम में ओलंपिक गेम्स से जोड़े रखेंगी।

## ओकाया ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** इन्वर्टर और बैटरी निर्माता ओकाया ग्रुप ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में कदम रखा है। ओकाया पावर ग्रुप के इलेक्ट्रिक वाहन डिवीजन, ओकाया ईवी ने इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर्स की एक श्रृंखला का अनावरण किया है। इसके अलावा, इसने दिल्ली और जयपुर में एक्सपीरियंस सेंटर्स शुरू किए हैं। कंपनी के इलेक्ट्रिक 2व्हीलर्स चार वेरिएंट में दोनों वीआरएलए लीड एसिड बैटरी और लिथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरी में उपलब्ध हैं,। ओकाया पावर ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल गुप्ता ने कहा, भारत और विदेशों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष रूप से दो अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास केंद्रों के साथ, ओकेया ईवी इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर्स और भविष्य की बाइक लाने के लिए विशिष्ट रूप से स्थित है। इसके अलावा, इन इलेक्ट्रिक 2 व्हीलर्स की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, हमारा लक्ष्य पूरे देश में शोरूम के साथ-साथ वितरण और सेवा केंद्र खोलना है। कंपनी ने इन अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की निर्बाध आपूर्ति के लिए हरियाणा में एक और संयंत्र शुरू करने की अपनी योजना के साथ हिमाचल प्रदेश के बद्दी में पहले ही एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर लिया है।

## एक और दिग्गज खिलाड़ी का निधन, देश को 2 बार जिता चुके थे ओलंपिक में गोल्ड मैडल




**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट केशव दत्त का आज निधन हो गया है। वह 95 साल के थे। 1948 में आजाद भारत के रूप में लंदन ओलंपिक में गोल्ड जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे केशव ने भारत चीन युद्ध के बाद इस मेडल को आर्मी फंड को दान में दे दिया था। केशव ने आजादी के बाद भारत को 1948 और 1952 ओलंपिक गोल्ड दिलाने में अहम योगदान दिया था।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक जताते हुए कहा कि हॉकी की दुनिया ने असल एक सच्चा लीजेंड खो दिया। केशव दत्त के जाने पर दुख। वह 1948 और 1952 में दो बार ओलंपिक गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी थे। भारत और बंगाल के चैंपियन।

भारत ने 1948 में आजाद भारत के रूप में ओलंपिक का पहला गोल्ड मेडल जीता था। 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ था और 12 अगस्त 1948 को आजाद भारत की टीम ने अंग्रेजों को उनकी ही सरजमीं पर वेम्बले स्टेडियम में 4-0 से करारी शिकस्त देकर ओलंपिक गोल्ड अपने नाम किया था।

बुधवार को अलग-अलग क्षेत्रों के दो दिग्गजों के जाने से फैंस शोक में हैं। पहले बुधवार की सबुह दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने 98 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था और अब दिग्गज भारतीय हॉकी खिलाड़ी केशव के निधन की खबर आ गई।

## हम राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं : भुवनेश्वर



**मुंबई।** श्रीलंका दौरे पर गई भारत ए क्रिकेट टीम के उप कप्तान भुवनेश्वर कुमार ने कहा है कि वह और टीम के सभी युवा खिलाड़ी राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं और यह समझना चाहते हैं कि वह इतने लंबे समय तक उस स्तर पर चीजों को कैसे प्रबंधित करते हैं।

भुवनेश्वर ने श्रीलंका सीरीज के लिए भारतीय कोच राहुल द्रविड़ की तारीफ करते हुए कहा, मैं राहुल द्रविड़ के खिलाफ खेल चुका हूं। जब मैं टीम में शामिल हुआ था तब वह आरसीबी टीम का हिस्सा थे, इसलिए मेरे पास उनके साथ ऐसी कोई यादें नहीं हैं, लेकिन जब मैं एनसीए पहुंचा तो हमने कुछ बातें कीं। मैं उनके साथ काम करना चाहता था और मैं भाग्यशाली हूं कि वह हमारे कोच हैं।

उप कप्तान ने कहा, बेशक अधिकारिक तौर पर मेरी भूमिका उप कप्तान की है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि चीजें बदलेंगी। मुझे लगता है कि एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते मेरी भूमिका उन चीजों को करने की है जो अन्य खिलाड़ियों को उनके कौशल और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करती हैं।

## सत्यनारायण की कथा में कार्तिक आर्यन के साथ दिखेंगी श्रद्धा कपूर



बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्तिक आर्यन पिछले कुछ दिनों से साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सत्यनारायण की कथा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में कार्तिक इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि कार्तिक की इस फिल्म में उनके साथ चर्चित अभिनेत्री श्रद्धा कपूर भी नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म में कार्तिक और श्रद्धा के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल सकता है।

रिपोर्ट की मानें तो साजिद इस फिल्म में श्रद्धा को कार्तिक के अपोजिट भूमिका में कास्ट कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया, साजिद ने पहले ही अपनी पसंदीदा अभिनेत्री श्रद्धा को इस फिल्म में शामिल करने का विचार किया है। अभिनेत्री को फिल्म का आइडिया बहुत पसंद आया है। वास्तव में उन्होंने फिल्म में शामिल होने के लिए अपनी सहमति भी दे दी है। हालांकि, अभी केवल मौखिक तौर पर ही बातचीत चली है।

सूत्र ने बताया कि फिलहाल श्रद्धा आधिकारिक तौर पर इस फिल्म से नहीं जुड़ी हैं। बताया जा रहा है कि श्रद्धा फिल्म के लिए पहली पसंद हैं। उन्हें इस रोल के लिए परफेक्ट माना जा रहा है क्योंकि कार्तिक और श्रद्धा एक फ्रेश जोड़ी के रूप में फिल्म में शामिल होंगे। सूत्र ने बताया कि इन दोनों की जोड़ी पर्दे पर बहुत खूबसूरत लगेगी। फिल्म कार्तिक की भूमिका के इर्दगिर्द होगी, लेकिन इसमें श्रद्धा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।

यह श्रद्धा और कार्तिक की पहली फिल्म होगी, जिसमें वे एक साथ काम करेंगे। पहले भी इन दोनों को एक फिल्म के लिए दिनेश विजान ने अप्रोच किया था, लेकिन अंततः बात नहीं बन पायी। कार्तिक ने हाल में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सत्यनारायण की कथा की घोषणा की थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, मेरे दिल के करीब एक कहानी। सत्यनारायण की कथा.. खास लोगों के साथ एक खास फिल्म।

## आज का राशिफल

मेष : वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

वृषभ : पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है।

कर्क : नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

सिंह : पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है।

कन्या : पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

तुला : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

वृश्चिक : शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।


धनु : यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

मकर : कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

कुंभ : नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे।

मीन : पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा।

## रवीना टंडन के साथ फिर वापसी करने जा रहे हैं गोविंदा



बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस रवीना टंडन भले ही इन दिनों फिल्मों से दूर हों लेकिन सोशल मीडिया पर वो खूब एक्टिव रहती हैं. जहां आज एक्ट्रेस ने गोविंदा के साथ अपनी कुछ तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर किया है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने बताया है कि वो बहुत जल्द गोविंदा के साथ एक प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं. उन्होंने बताया है कि वो एक्टर के साथ ग्रैंड रीयूनियन मना चुकी हैं. जिसके बाद वो फिर वापस लौटने की तैयारी में हैं. एक्ट्रेस ने अपने इस पोस्ट के जरिए इस बात की जनकारी दी है कि वो गोविंदा के साथ एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं, जिसकी शूटिंग अब पूरी हो चुकी है. जिसके जरिए हम इस जोड़ी को कई साल बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे.

गोविंदा के साथ अपनी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए रवीना टंडन ने लिखा ग्रैंड रीयूनियन! हम वापस साथ आ चुके हैं, जहां हम फिर से स्क्रीन पर लौटने वाले हैं. क्या? कहां पर? कब ? जल्द आ रहा है। एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर पिछले तीन घंटों में 70 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं. इसके साथ ही इस जोड़ी के फैंस लगातार रवीना के इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं. जहां सभी ने लिखा है कि वो इस जोड़ी को फिर एक बार स्क्रीन पर देखने के लिए खासा उत्साहित हैं. जहां इन सभी के कमेंट को देखकर रवीना ने लिखा है कि सबर करो.

## तेलुगू हिट फिल्म नांधी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे अजय देवगन, डील हो गई पक्की



अजय देवगन ने 2021 के लिए अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान कर दिया है. अजय साउथ की सुपरहिट फिल्म नंदी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे. ये फिल्म तेलुगु भाषा में आई थी और इसे वहां के बड़े प्रोड्यूसर और डिस्ट्रीब्यूर दिल राजू ने बनाया था. दिल राजू ने हाल ही में फिल्म वकील साहब भी बनाई थी जो अमिताभ बच्चन की हिंदी फिल्म पिंक की रीमेक थी. साउथ के सुपरस्टार पवन कल्याण ने इस फिल्म में काम किया था. फिल्म नंदी में तेलुगु सिनेमा के स्टार अल्लारी नरेश ने धमाकेदार एक्टिंग की है. ये फिल्म एक ऐसे आदमी की कहानी है जिस पर जेल में काफी अत्याचार होते हैं और फिर वो कैसे अपनी जंग खुद लड़ता है. अजय देवगन को ये फिल्म इतनी पसंद आई है कि उन्होंने इसके हिंदी में रीमेक के राइट्स खरीद लिए हैं और वो अब इसे 2021 में रिलीज के लिए इसकी तैयारी कर रहे हैं.

## ब्रेकफास्ट के लिए बनाएं बेसन के पत्तौड़



बेसन के पत्तौड़ एक पारंपरिक व्यंजन है। यह खाने में जितना स्वादिष्ट है, बनाने में उतना ही आसान भी। इसे ब्रेकफास्ट, लंच या डिनर किसी भी मिल के साथ सर्व कर कर सकते हैं, जानिए इसकी आसान विधि।

### सामग्री :

1 कटोरी बेसन, नमक स्वादानुसार, जरूरत भर लाल मिर्च, 1/4 टीस्पून हल्दी पाउडर, चुटकी भर अजवाइन, 1/4 टीस्पून जीरा, 1/4 टीस्पून राई, 1 टीस्पून भुना जीरा पाउडर, 5-6 करी पत्ता, 2-3 हरी मिर्च, जरूरत भरा हरा धनिया, छौंक के लिए 2 टीस्पून तेल या घी

### विधि :

सबसे पहले एक कड़ाही में बेसन और पानी मिलाते हुए पतला घोल तैयार करें। इसमें थोड़ा, नमक, लाल मिर्च और हल्दी पाउडर मिलाएं। अब धीमी आंच पर कड़ाही रखकर पकाएं। इस घोल में 2 टीस्पून तेल, जीरा और अजवाइन डालकर धीरे-धीरे हिलाएं। जब यह घोल हलवे की कंसिस्टेंसी पर आ जाए तो गैस बंद कर दें। एक बड़ी थाली को उल्टा करें। अब इस पर बेसन का मिश्रण डालकर फैला दें। अच्छी तरह ठंडा हो जाने पर इन पत्तौड़ को मनपसंद आकार में काटें। एक कड़ाही में तेल डालें। इसमें राई, करी पत्ता और हरी मिर्च डालकर चलाएं। अब इन पत्तौड़ के पीसेज़ को इसमें डालकर छौंक लगाएं। इन तड़के वाले पत्तौड़ को हरी चटनी के साथ सर्व करें।

**टिप्स–** बेसन के मिश्रण को थाली पर डालने से पहले थाली पर अच्छी तरह घी या तेल लगा लें। इससे बेसन थाली पर चिपकेगा नहीं, जिससे बेसन के पत्तौड़ के पीसेज़ करने में आसानी होगी। ध्यान दें पूरी तरह ठंडा हो जाने पर ही इसके पीसेज़ करें।


## शब्द सामर्थ्य- 133

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**


1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक132का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 133



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.132का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |